होली खेले सांवरा | By Om Kashyap & Jyoti Rathore

फागुन का महीना आ गया
फागुन का महीना आ गया
सज गया खाटू दरबार
होली खेले सांवरा

मैं भी तो खाटू जाउंगी
मैं भी तो खाटू जाउंगी
पिया ध्वजा उठा इस बार
होली खेले सांवरा

सब श्याम के प्रेमी चल पड़े
दर्शन को व्याकुल हैं बड़े
मन में विश्वास अपार
होली खेले सांवरा

सारी गलियों में है होली
सब खेलें बना बना टोली
रंगो की है बौछार
होली खेले सांवरा

हम भी अब खाटू जायेंगे
वहां रंग गुलाल उड़ाएंगे
जहाँ बैठे लखदातार
होली खेले सांवरा

ओम फेरे माला नाम की
हुई ज्योति जोगन श्याम की
राजू पे बड़ा उपकार
होली खेले सांवरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-om-kashyap-jyoti-rathore/